दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
📱 : 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 25.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक क्रीड़ा समारोह

गोरखपुर 25.02.2026। दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज, गोरखपुर में वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2025–26 का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री पंकज सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र–छात्राएं अत्यंत भाग्यशाली हैं, जिन्हें अपनी पढ़ाई के साथ–साथ खेल का उत्कृष्ट मंच प्राप्त हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल जीवन में अनेकानेक लाभ प्रदान करता है। शिक्षा ग्रहण करने की ललक, संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए खेल हमेशा सहायक बनता है। श्री सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी क्षमता को पहचानें और कठिन परिश्रम से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल न केवल व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है, बल्कि नेतृत्व गुणों को विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ''जीवन का कोई शॉर्टकट नहीं होता, कठिन परिश्रम ही लक्ष्य तक पहुंचाता है''।

विशिष्ट अतिथि बापू पीजी कॉलेज, पीपीगंज की प्रो. मंजू मिश्रा ने अपने संबोधन में खेल के शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त बना रहता है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकता है। प्रो. मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि खेल में हार–जीत को महत्व न देकर हमेशा अपना सर्वोत्तम प्रयास करें।

क्रीड़ा समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने की। उन्होंने वार्षिक क्रीड़ा समागम को वर्षभर की खेल तैयारियों का परीक्षण बताया। प्राचार्य महोदय ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, जो व्यक्तित्व का परिष्कार करता है। उन्होंने ''सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट'' के सिद्धांत पर बल देते हुए कहा कि योग्यतम की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने का प्रयास आवश्यक है। प्रो. सिंह ने खेलो इंडिया योजना का उल्लेख करते हुए सराहना की कि उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेलों को प्रोत्साहन दे रही हैं। शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर खेलों के साथ जोड़ने पर जोर दिया।

क्रीड़ा प्रतियोगिता का प्रारंभ 800 मीटर दौड़ के साथ किया गया, जिसमें अतुल सिंह प्रथम स्थान, संदीप यादव द्वितीय स्थान और रविकिशन तृतीय स्थान प्राप्त कर विजयी रहे, वही 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सोनाली मौर्या प्रथम, प्रिया राज निषाद द्वितीय और संजू यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में निलेश कुमार यादव प्रथम, अतुल सिंह द्वितीय और आकाश निषाद तृतीय स्थान तथा बालिक वर्ग में अंकिता पाल प्रथम, साधना द्वितीय और रेनू शर्मा तृतीय स्थान पर रहें।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण क्रीड़ा सचिव श्री अवधेश कुमार शुक्ल ने किया। अतिथि परिचय क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित सिंह ने प्रस्तुत किया, जबकि आभार ज्ञापन डॉ. नीतीश शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. विवेक कुमार शाही, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. पवन कुमार पांडे सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो कॉलेज की खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध हुआ।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क